बी.डी.एम.इंटरनेशनल में इन्वेस्टिचर सेरेमनी

दायित्वों का निष्ठा के साथ निर्वहन करने का संकल्प लिया

विद्यालय के नव-निर्वाचित छात्र परिषद के सदस्य।

कोलकाता@पत्रिका. बीडीएम इंटरनेशनल में इन्वेस्टिचर सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय के नव-निर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई तथा उन्हें अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया। छात्र परिषद के सदस्यों ने विद्यालय की गरिमा एवं आदर्शों को अक्षुण्ण बनाए रखने तथा अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं विद्यालय गीत के साथ हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या मधुमिता सेनगुप्ता ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को सच्चे नेतृत्व के मूल्यों सेवा, समर्पण, अनुशासन एवं संवेदनशीलता को आत्मसात करने का संदेश दिया। विद्यालय के सी.ई.ओ एस. एल. गुप्ता ने नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि नेतृत्व केवल अधिकार नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का सशक्त माध्यम है। समारोह की मुख्य अतिथि जॉयिता बिस्वास ने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने, उत्कृष्टता के लिए प्रयासरत रहने तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त आई.पी.एस. अधिकारी कल्याण मुखोपाध्याय ने विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा, अनुशासन, साहस और राष्ट्रसेवा के मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा नेतृत्व को सेवा का सर्वोच्च स्वरूप बताया।